>

Title : Need to set up a NTPC power plant in District Chitrakoot, Uttar Pradesh.

श्री आर.के.िंसह पटेल (बांदा): महोदय, देश में ऊर्जा के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा बहुत सारे प्रयास समय-समय पर किए जाते रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद आज तक विद्युत आपूर्ति की कमी बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी विद्युत की कमी के कारण नई औद्योगिक इकाइयों को स्थापित नहीं किया जा सका।

उ.प्र. के अति पिछड़े बुन्देलखंड के जनपद चित्रकूट में विद्युत की कमी एवं पिछड़े क्षेत्र की बेरोजगारी को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार द्वारा एक एनटीपीसी प्लांट लगाए जाने की मैं मांग करता हूं।

उक्त क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र है। पावर प्लांट लगाने से उ.प्र. व म.प्र. के किसानों एवं उद्योगों को तथा ग्रामीण क्षेत्रों को पर्याप्त बिजली मिलेगी तथा पिछड़े क्षेत्र का विकास हो सकेगा एवं नई औद्योगिक इकाइयों का गठन हो सकेगा।

अत: मैं जनपद चित्रकूट उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी प्लांट को शीघ्र लगाए जाने की मांग करता हूं।